कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, समेकित बाल विकास परियोजना, जनपद–बस्ती।

पत्रांक C-2601 / जि0का0अ0 / बा0वि0परि0 / स्था0–आं0बा0 / 2023–24, दिनांक 12, मार्च 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022 –2 / 1(22)10टी0सी0 दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बस्ती के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	हरैंया	ग्रामीण	12
2	सदर	ग्रामीण	21
3	कुदरहा	ग्रामीण	2
4	बहादुरपुर	ग्रामीण	35
5	साऊंघाट	ग्रामीण	16
6	विक्रमजोत	ग्रामीण	11
7	सल्टौआ गोपालपुर	ग्रामीण	8
8	बनकटी	ग्रामीण	13
9	रूधौली	ग्रामीण	6
10	कप्तानगंज	ग्रामीण	26
11	गौर	ग्रामीण	15
12	परसरामपुर	ग्रामीण	10
13	रामनगर	ग्रामीण	11
14	दुबौलिया	ग्रामीण	18
15	शहर	शहरी	7
कुल योगः–			**211**

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा का स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पर किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नही किये जायेगें।

6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि–01 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

(श्रीप्रकाश पाण्डेय)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद–बस्ती।

पृष्ठांकन संख्या– C-2601 **/तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक महोदया बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय बस्ती।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय बस्ती।
4. सहायक निदेशक सूचना बस्ती की सेवा में इस आशय के साथ कि दैनिक जागरण, बस्ती एवं राष्ट्र कौशल टाइम्स बस्ती में विज्ञप्ति सशुल्क प्रकाशन कराने का कष्ट करें।
5. पत्रावली हेतु।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बस्ती।